# कार्यालयः प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग।

कार्या0आ0सं0: 113 /प्रवेश/2025–26, दिनांक 06 अगस्त, 2025

## बी0एस0सी प्रथम सेमेस्टर (PCM) सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में शैक्षिणिक सत्र 2025–26 में बी0एस0सी0 पी0सी0एम0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र–छात्राओं द्वारा बी0एस0सी प्रथम सेमेस्टर में समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है तथा प्रथम एवं द्वितीय वरीयता सूची में अंकित छात्र–छात्राओं में जो कोई अभ्यर्थी किसी भी कारणवश प्रवेश नहीं ले पाया हो वे छात्र–छात्रा दिनांक **08 अगस्त, 2025** तक रिक्त सीट के सापेक्ष प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

निर्धारित समय तक प्रवेश न लेने पर समस्त जिम्मेदारी प्रवेशार्थी की होगी। प्रवेश के समय निम्न प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं **मूल प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

1. समर्थ पोर्टल से प्राप्त पंजीकरण/प्रवेश आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी।
2. हाईस्कूल अंकतालिका/प्रमाण पत्र स्वप्रमाणति छायाप्रति।
3. इण्टरमीडिएट अंकतालिका/प्रमाण पत्र स्वप्रमाणति छाया प्रति ।
4. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र छायाप्रति/मूलप्रति ।
5. अन्तिम शिक्षण संस्थान द्वारा प्रदत्त स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (T.C.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (C.C.) की मूलप्रति।
6. एन्टी रैंगिंग शपथ पत्र का लिंक महाविद्यालय वैबसाइट पर उपलब्ध है ।
7. एन्टीड्रग ई–शपथ पत्र लिंक **https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/**से भरकर जमा करना अनिवार्य है।
8. महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप– क (छात्र द्वारा शपथ पत्र) व प्रारूप–ख (पिता एवं अभिभावक की घोषणा)।
9. अन्तराल वर्ष (गैप ईयर) शपथ पत्र तथा दो चरित्र प्रमाण पत्र (राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त जो 06 माह से अधिक पुराना न हो)।
10. आधार कार्ड की छायाप्रति।
11. अधिमानी अंकों (Weightage) से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं मूलप्रति ।

**नोट–**

1. प्रवेश के समय अभ्यर्थी का स्वयं उपस्थिति होना अनिवार्य है।
2. प्रवेश के समय दस्तावेज सत्यापन हेतु समस्त मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें अन्यथा की स्थिति में प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा ।
3. प्रवेश शुल्क एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की सूचना बाद में प्रेषित की जायेगी।
4. वरीयता सूची ऑनलाइन सत्यापन के आधार पर जारी की गई है, काउंसलिंग के समय यदि मूल दस्तावेजों के साथ भिन्नता पाई जाती है तो, छात्र/छात्रा का प्रवेश, प्रवेश समिति अथवा प्राचार्य द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा।

संयोजक
बी0एस0सी0

06/8/25
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग।

Scanned with OKEN Scanner